संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–सिंघमटाइम्स–पृष्ठ ...04... दिनांक...5/3/.....2021

# दीनदयाल अंत्योदय रसोई से सिर्फ 10 रुपए में

## भरपेट भोजन का लाभ ले रहे है गरीब कमजोर तबके के लोग

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

संपूर्ण राज्य के साथ विगत 26 फरवरी को रतलाम मुख्यालय पर भी दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ हुआ। रतलाम में तीन स्थानों पर योजना का संचालन किया जा रहा है। इस अद्भुत योजना से सिर्फ 10 रुपए में भरपेट भोजन का लाभ गरीब और कमजोर तबके के व्यक्तियों को मिल रहा है। यहां आकर भोजन करने वाले कहते हैं कि 10 रुपए में भरपेट भोजन की थाली यह तो हम सोच भी नहीं सकते थे। हमारी कल्पना से भी परे था कि दाल, चावल, सब्जी, रोटी, कढ़ी से भरी थाली हमें सिर्फ 10 रुपए में मिल जाएगी। इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान का हृदय से धन्यवाद है।

रतलाम में सिविक सेंटर पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सिविक सेंटर के अलावा त्रिपोलिया गेट और अंबेडकर भवन पर योजना संचालित की जा रही है। भोजन बनाने का कार्य महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को सौंपा गया है। सिविक सेंटर पर भोजन बनाया जाता है और तीनों सेंटर पर भोजन परोसा जाता है। दीनदयाल अंत्योदय रसोई में आकर भोजन लाभ लेने वाले में विभिन्न वर्ग के व्यक्ति सम्मिलित हैं, इनमें स्टूडेंट भी है। बसों, मैजिक वाहनों पर कार्य करने वाले खलासी, आसपास के गांव से अस्पतालों में आने वाले व्यक्ति और मुख्य रूप से शहर के निर्धन, निराश्रित जिनके लिए यह योजना वरदान बनी है। रसोई का समय प्रातः 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक का होता है।



अंबेडकर भवन स्थित दीनदयाल अंत्योदय रसोई पर आकर भोजन लेने वाले चेतन राठौड़, राहुल परिहार से जब चर्चा की तो उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता बहुत अच्छी है। 10 रुपए में इतने अच्छे भोजन की तो सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है लेकिन इस कल्पना को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने साकार किया है। दीनदयाल अंत्योदय रसोई के लिए खाद्यान्न राज्य शासन की योजना अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान से मात्र 1 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।

भोजन बनाने वाले समूह को प्रति थाली 5 रुपए अनुदान भी शासन की ओर से दिया जाएगा। भोजन बनाने वाली महिलाओं के समूह द्वारा पूरी सेवा भावना के साथ भोजन बनाने का कार्य किया जा रहा है। शहर के तीनों रसोई केंद्रों पर बरतन, टेबल-कुर्सियां एवं हाल नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया है।विगत 26 फरवरी से आरंभ की गई दीनदयाल अंत्योदय रसोई में अब तक 1000 से भी ज्यादा व्यक्ति भोजन लाभ ले चुके है। तीनों भोजन केंद्रों पर प्रतिदिन लगभग 200 से 250 व्यक्ति भोजन लाभ ले रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–– पत्रिका ––––पृष्ठ 11 ...दिनांक...6/3/......2021

# केंद्र को भेजी एयरपोर्ट बनाने को रिपोर्ट, विधायक ने की चर्चा

पत्रिका सोशल वैल्यू

## बैठक में बोले सदस्य जरूरी है रतलाम में बंजली हवाई पट्टी का उन्नयन करना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. राज्य के वर्ष 2021-2022 के बजट में बंजली स्थित हवाई पट्टी के उन्नयन को लेकर की गई घोषणा में तीव्रता से गति आई है। शुक्रवार को इंदौर में एयरपोर्ट अथॉरिटी की हुई बैठक के दौरान ही शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने महाप्रबंधक संजय अग्रवाल से बात की व योजना को जल्द पूरा करने को कहा है। बड़ी बात यह है कि बैठक में बताया गया कि रतलाम व खरगोन में हवाई पट्टी के उन्नयन के लिए सकारात्मक रिपोर्ट भेजी गई है।

शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बैठक की शुरुआत हुई। सदस्यों ने अलग-अलग मुद्दों पर बात की। एयर पोर्ट अथॉरिटी के सदस्य मुकेश सोलंकी ने रतलाम के मामले को उठाते हुए सवाल किया कि पिछली बैठक में दल को भेजे जाने का निर्णय हुआ था, उसकी जानकारी दी जाए। महाप्रबंधक अग्रवाल ने बताया कि वे स्वयं दल के साथ गए थे। दल की रिपोर्ट सकारात्मक है। रतलाम में हवाई पट्टी का उन्नयन होना जरूरी है। इससे मंदसौर, प्रतापगढ़, झाबुआ, दाहोद, चित्तौड़गढ़ तक के यात्रियों को लाभ होगा। इसी के साथ बताया गया कि रतलाम की तरह खरगोन की हवाई पट्टी के उन्नयन की बात भी की गई है। इसकी मंजूरी भी अथॉरिटी ने दे दी है। अब केंद्र सरकार को इस पर निर्णय लेना है।

### शहर विधायक ने कहा बताओ कहां समस्या

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने महाप्रबंधक संजय अग्रवाल से सवाल किया कि रतलाम की योजना के लिए कहां समस्या आ रही है। वे स्वयं चर्चा करेंगे व समस्या दूर करने का प्रयास करेंगे। अग्रवाल ने बताया अथॉरिटी ने केंद्र के नागरिक व उड्डयन मंत्रालय को रिपोर्ट भेज दी है। अब केंद्र सरकार को इस मामले में अंतिम निर्णय लेना है। इसके बाद शहर विधायक काश्यप ने सांसद डामोर से भी चर्चा की व मामले में जल्दी से सकारात्मक निर्णय को कहा है।

# सरकार की रसोई में फिर भोजन के लिए पहुंचने लगे नागरिक

पत्रिका



रतलाम. जिला मुख्यालय पर शुरू हुई दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के द्वितीय चरण की शुरुआत के साथ ही यहां पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे है। जिले में तीन स्थानों पर योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत सिर्फ 10 रुपए में गरीब तबके से जुड़े लोगों को भरपेट भोजन मिल रहा है। उनकी माने तो 10 रुपए में भरपेट भोजन की थाली सोच भी नहीं सकते। दाल, चावल, सब्जी, रोटी; कढ़ी से भरी थाली 10 रुपए में मिल रही है।

रतलाम में सिविक सेंटर, त्रिपोलिया गेट और अंबेडकर भवन पर योजना संचालित की जा रही है। भोजन बनाने का कार्य महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को सौंपा है। दीनदयाल अंत्योदय रसोई में आकर भोजन लाभ लेने वाले में विभिन्न वर्ग के व्यक्ति सम्मिलित हैं, इनमें स्टूडेंट भी है। योजना के तहत रसोई सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक चल रही है। भोजन बनाने वाले समूह को प्रति थाली 5 रुपए अनुदान भी शासन की ओर से दिया जाएगा। शहर के तीनों रसोई केंद्रों पर बरतन, टेबल-कुर्सियां एवं हाल नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

पत्रिका 6/3

# रत्नपुरी में मोबाइल टॉवर का विरोध शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रत्नपुरी में लग रहे मोबाइल टॉवर का रहवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है। एमजेआर सेक्टर के रहवासी शुक्रवार को कलेक्टर के पास पहुंचे और विरोध जताया व मोबाइल टॉवर नहीं लगाने की मांग की है।

रहवासियों ने कलेक्टर को बताया कि रत्नपुरी क्षेत्र रहवासी हैं। इसके बावजूद मोबाइल टॉवर स्थापित किया जा रहा है। रहवासियों ने इसके लिए नगर निगम को शिकायत की। बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। यदि मोबाइल टॉवर लगता है तो इससे परेशानी आएगी। इससे रहवासी क्षेत्र में टॉवर ना लगाया जाए। इस मौके पर भारत गुप्ता, बीएस पारगी, गौरव ओहरी, विनय दुबे, प्रियेश शर्मा, राहुल, सोनिया ओहरी, आपल सहित रहवासी मौजूद थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नईदुनिया इंदौर –पृष्ठ 06 दिनांक 06/03/2021

# कविता, गायन और भाषण के माध्यम से बताया स्वच्छता का महत्व



शेरानीपुरा के मांगलिक भवन में विजेताओं के साथ स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि। • नईदुनिया

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नंबर-वन बनाने के प्रयासों के चलते नगर निगम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं ने कविता, गायन और भाषण के माध्यम से उम्दा तरीके से स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अगर हम अपने शहर से प्यार करते हैं तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए।

मांगलिक भवन में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन और महिला व बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी उषा लिम्बोदिया की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर भाषण, गायन, मेहंदी, चित्रकला, भाषण, रंगोली सहित आधा दर्जन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डा. शहनाज सैयद, डा. पिंकी बोरीवाल, डा. नेहा सिंह ने सेवाएं दीं। संचालन ललिता घोसर ने किया। आभार परवीन खान ने माना।

**पुरस्कार पाकर खिल उठे चेहरे** : कार्यक्रम के दौरान आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए धरा, नंदनी, खुशी और रीदा को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह चित्रकला में सुहाना, अलीशा माजिद, अलीशा मुजफ्फर और निशांत, मेहंदी प्रतियोगिता में गोसिया, खुशनुमा, मोबसिरा, प्रीति, माही, फाल्गुनी, इफ्फत को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में साई कुमार, यश कुमार, नबीला, राशि, भव्य सोलंकी और शिखा को पुरस्कृत किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार---प्रसारण---पृष्ठ 12....दिनांक....6/3/....2021

# कविता, गायन और भाषण के माध्यम से बताया स्वच्छता का महत्व

6/3

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के प्रयासों के चलते आज नगर निगम पालिक की ओर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं ने कविता, गायन और भाषण के माध्यम से उम्दा तरीके से स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अगर हम अपने शहर से प्यार करते है तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश उपायुक्त विकास सोलंकी के मार्गदर्शन में शहर के शैरानीपुरा (हरिजन बस्ती) मांगलिक भवन में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन और महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री उषा लिम्बोदिया की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर भाषण, गायन, मेंहदी, चित्रकला, भाषण, रंगोली सहित आधा दर्जन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित



स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, डॉ.नेहा सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री एमके जैन ने संबोधित करते हुए कहां कि स्वच्छता का सही अर्थ है कि हम अपने शरीर, मन और अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखें, क्योंकि स्वच्छता जीवन के लिए काफी लाभदायक है, स्वच्छ रहने से लोग बीमार नहीं होंगे तथा स्वास्थ्य जीवन जी सकेंगे। तन-मन व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का बच्चों और महिलाओं से किया। नगर निगम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तमाम प्रयास कर रहा है, ऐसे में नागरिक भी अपना दायित्व निभाते हुए शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ललिता घोसर ने किया और आभार श्रीमती परवीन खान ने माना।

सैकड़ों क्षेत्रीय रहवासियों विशेषकर बच्चों की मौजूदगी में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा देखते ही बनती थी। इन्होंने यहां भाषण, कविता और गायन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व यहां मौजूद महिला और पुरुषों को बताया और खूब दाद भी बटोरी। यहां निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली में भी बच्चों ने स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम के नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रंगोली स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए कु.धरा, नंदनी, खुशी और रीदा को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह चित्रकला में सुहाना, अलीशा माजिद, अलीशा मुज्जफर और निशात को, मेंहदी प्रतियोगिता में गोसिया, खुशनुमा, मोबसिरा, प्रीती, माही, फाल्गुनी, इफ्फत को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता के लिए साई कुमार, यश कुमार, नबीला, राशि, भव्य सोलंकी और शिखा को पुरस्कृत किया गया।

## नगरीय निकायों के सभी खाते संचालनालय के ई-नगरपालिका पोर्टल से होंगे लिंक

**रतलाम।** नगरीय निकायों के सभी खाते ई-नगरपालिका पोर्टल से लिंक किये जाएंगे। नगरीय निकायों के अनावश्यक बैंक खातों को बंद कर लेखा नियमों के अन्तर्गत प्रावधानित खाते ही संधारित किये जाएंगे। अब नगरीय निकायों में सभी प्रकार के आय-व्यय ई-नगरपालिका के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किये जाएंगे। कैशबुक, बैलेंस शीट तथा लेखांकन संबंधी सभी कार्य ई-नगरपालिका पोर्टल से ही की जाएगी। नगरीय निकायों में एक ही कैशबुक संधारित की जाएगी तथा प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग लेजर संधारित की जाएगी। ऐसी योजनाएँ जो अब नगरीय निकायों द्वारा संचालित नहीं की जा रही है, उनकी शेष राशि संबंधित विभाग अथवा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को वापस की जाएगी। पेज 5

5/3

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार–पृष्ठ 02 दिनांक 6/3/21.....2021

# 20 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 8 किलो पॉलीथीन जब्त

**50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित**

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत विपुल, नितिन, अलकापुरी, दीपक बेकरी कस्तुरबा नगर, पर 250-250, गोपाल व दो अन्य कस्तुरबा नगर, प्रवीण, रोहित, महलवाड़ा, राजेश नगर निगम तिराहा, सुभाश कालेज रोड, पुष्प, पार्वतीबाई, दिनेश, बन्दी पर 100-100, कान्हा जाट व चार अन्य पर 50-50 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 9 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रूट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। इन्दौर समाचार

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– राज एक्सप्रेस पृष्ठ 05 दिनांक 06/3/2021

6/3

# कविता, गायन और भाषण से बताया स्वच्छता का महत्व

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**



स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के प्रयासों के चलते आज नगर निगम पालिक की और स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं ने कविता, गायन और भाषण के माध्यम से उम्दा तरीके से स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अगर हम अपने शहर से प्यार करते है तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश उपायुक्त श्री विकास सोलंकी के मार्गदर्शन में शहर के शैरानीपुरा (हरिजन बस्ती) मांगलिक भवन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन और महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री उषा लिम्बोदिया की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर भाषण, गायन, मेंहदी, चित्रकला, भाषण, रांगोली सहित आधा दर्जन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, डॉ.नेहा सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

**गायन, भाषण और कविता से दिया स्वच्छता का संदेश:** सैकड़ों क्षेत्रीय रहवासियों विशेषकर बच्चों की मौजूदगी में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा देखते ही बनती थी। इन्होंने यहां भाषण, कविता और गायन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व यहां मौजूद महिला और पुरुषों को बताया और खूब दाद भी बटोरी। यहां निकाली गई स्वच्छता जागरुकता रैली में भी बच्चों ने स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम के नारे लगाए।

## अनुपस्थित 52 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 4 मार्च गुरुवार को बिना सूचना के 52 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

6/3

प्रकाश 6/3/21

रतलाम पत्रिका 10

# शहर में 49 में से 4 वार्ड में जीरो वेस्ट बनाने कार्य रहा सफल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के प्रथम चरण में 49 में से 4 वार्ड में योजना सफल रही है। अब इसे शहर के सभी वार्डों में लागू किया जाएगा। निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड व आयुक्त सोमनाथ झारिया इस योजना पर प्रतिदिन समीक्षा कर रहे है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया वार्ड 7, 8, 17व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने का कार्य शुरू किया गया जो कि 100 प्रतिशत सफल रहा।

नगर निगम द्वारा वार्डो में जीरो वेस्ट वार्ड बनाने हेतु वार्डो में दो कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर के भेजे गये जहां स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लेकर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डाला गया तथा एक स्थान पर ले जाकर महिलाओं द्वारा सूखा कचरा निकालकर गीला कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड भेजा गया। ईश्वर स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सूखे कचरे से प्लास्टिक, पॉलीथीन, बॉटल सहित अन्य सामग्री पृथक कर कबाड़ी को विक्रय हेतु वजन कराकर भुगतान किया गया।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं परिवार का जीवन यापन करने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डो में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार—नईदुनिया—पृष्ठ 08....दिनांक 06/3/2021



# मास्टर प्लान – 2035 पर 248 आपत्तियां आनलाइन दर्ज, कल आखिरी दिन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर विकास व विस्तार को लेकर नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा वर्ष-2035 तक के लिए बनाए गए मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी होने के बाद शुक्रवार तक 248 आपत्ति आनलाइन दर्ज की जा चुकी हैं। 30 दिन के मान से रविवार को आपत्ति दर्ज कराने का अंतिम दिन है। इसके बाद जिला स्तर पर बनी समिति आपत्तियों को लेकर अपनी टीप देकर निराकरण के लिए संचालनालय भेजेगी।

मालूम हो कि मास्टर प्लान का प्रारूप छह फरवरी को जारी किया गया था। इसके बाद 30 दिन का समय दावे आपत्ति के लिए दिया गया। शुक्रवार तक दर्ज आपत्तियों में ग्रीन बेल्ट, आवासीय प्रयोजन लेने आदि पर आपत्ति मिली है। इसमें हनुमान ताल के पास की कुछ जमीनों का लैंड यूज कृषि उपयोग व क्षेत्रीय उद्यान से आवासीय करने पर भी है। इसी तरह बंजली की चुनिंदा जमीनों को आवासीय किए जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने भी आपत्ति ली है।

### वर्ष 2021 के मुकाबले आवासीय क्षेत्र बढ़ा दिया

मास्टर प्लान 2035 के लिए निवेश क्षेत्र बढ़ाया गया है। नगरीय व ग्रामीण दोनों क्षेत्र में वृद्धि की गई है। वर्ष 2021 में कुल निवेश क्षेत्र का क्षेत्रफल 10163 हेक्टेयर था। इसमें नगरीय क्षेत्र 2425.30 व ग्रामीण क्षेत्र 7738.40 हेक्टेयर था। वर्ष 2035 में ग्रामीण क्षेत्र में कमी करते हुए 7106.49 हेक्टेयर कर दिया गया जबकि नगरीय क्षेत्र बढ़ाकर 3211.64 हेक्टेयर रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या 13 रखी गई है।


### जनप्रतिनिधियों ने दिए थे सुझाव

ड्राफ्ट प्रकाशन से पहले 12 जनवरी को हुई बैठक में विभाग द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इसके बाद कुछ सुझाव जोड़कर ड्राफ्ट तैयार किया गया। मैप तैयार करने में भारतीय सर्वेक्षण विभाग से टॉपोशीट के आधार पर काम किया गया है। बस स्टैंड, हवाई पट्टी के लिए पूर्व में किए गए प्रविधान ही वापस लिए गए हैं।

### ये खास प्रविधान

राष्ट्रीय राजमार्ग 1 पर सड़क के दोनों ओर 200-200 मीटर की गहराई में, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 से सैलाना निवेश क्षेत्र की ओर 250-250 मीटर, सेजावता से बंजली बायपास पर सड़क के एक ओर 150 मीटर तक, राष्ट्रीय राजमार्ग एक पर मंदसौर की ओर 250-250 मीटर के क्षेत्र में आवासीय, अर्धशासकीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक प्रयोजन के लिए निर्माण किए जा सकेंगे। तालाब के पास 30 तो नालों के पास का नौ मीटर का एरिया नगर वन के लिए रखा गया है।

> मास्टर प्लान 2035 के ड्राफ्ट पर आपत्ति की प्रक्रिया कल तक चलेगी। इसके बाद समिति आगे की कार्रवाई करेगी।
>
> –जीएल वर्मा, सहायक संचालक, नगर व ग्राम निवेश विभाग, रतलाम



रतलाम शहर का विहंगम दृश्य। ● फाइल फोटो

# हमारे चार वार्ड अब जीरो वेस्ट वार्ड, स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रहीं कचरे का निपटान

## वार्ड 7 व 17 के बाद अब 8 व 19 में काम शुरू, महिलाओं को मिला रोजगार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पहली मार्च से नगर निगम की सफाई की परीक्षा शुरू हो गई है। सर्वेक्षण के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया की टीम कभी भी आ सकती है। यही वजह है कि नगर निगम सफाई को चाकचौबंद कर नए-नए कदम उठा रहा है। इसी क्रम में चार वार्ड को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा रहा है। वार्ड 7 और 17 में प्रयोग सफल रहने के बाद अब निगम ने वार्ड 8 व 19 को जीरो वेस्ट बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसमें वार्ड का कचरा वार्ड में नष्ट किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ने स्व सहायता समूह का सहयोग लिया है। इससे महिलाओं रोजगार मिलकर आमदनी भी होने लगी है।

### ऐसे वार्डों को बनाया जा रहा जीरो वेस्ट

कचरा कलेक्शन वाहनों के साथ हेल्पर की बजाय स्व सहायता समूह की महिलाएं ही घर-घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग इकट्ठा कर रही हैं। सारे कचरे को एक स्थान पर ले जाकर समूह की महिलाएं गीला कचरा तो जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड भेज देती हैं। वहीं सूखे कचरे से मिलने वाले प्लास्टिक, पॉलीथिन, बॉटल सहित अन्य सामान कबाड़ी को बेच देती हैं। अभी दुर्गा और ईश्वर स्व-सहायता समूह की महिलाएं यह काम कर रही हैं।

**8 किलो पॉलीथिन जब्त** - 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाली पॉलीथिन उपयोग करने पर शुक्रवार को निगम अमले ने 20 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन किया। इनसे 8 किलो पॉलीथिन जब्त की। इसमें नितिन अलकापुरी, दीपक बेकरी कस्तूरबा नगर पर 250 रुपए, गोपाल व दो अन्य कस्तूरबा नगर, प्रवीण, रोहित आदि पर स्पॉट फाइन लगाया गया।

**52 का वेतन काटा** - निरीक्षण के दौरान गुरुवार को बिना सूचना के अनुपस्थित मिले 52 सफाई कर्मचारियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नोटिस जारी किया है। इसमें एक दिन का वेतन काटने, अस्थायी कर्मियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में जवाब मांगा है।

5/3 अग्निबाण

# कविता, गायन व भाषण के माध्यम से बताया स्वच्छता का महत्व

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के प्रयासों के चलते आज नगर निगम पालिक की ओर स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं ने कविता, गायन और भाषण के माध्यम से उम्दा तरीके से स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अगर हम अपने शहर से प्यार करते है तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए।**



नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश उपायुक्त श्री विकास सौलंकी के मार्गदर्शन में शहर के शैरानीपुरा (हरिजन बस्ती) मांगलिक भवन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन और महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री उषा लिम्बोदिया की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर भाषण, गायन, मेंहदी, चित्रकला, भाषण, रांगोली सहित आधा दर्जन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, डॉ.नेहा सिंह ने अपनी सेवाएं दी। गायन, भाषण और कविता से दिया स्वच्छता का संदेश सैकड़ों क्षेत्रीय रहवासियों विशेषकर बच्चों की मौजूदगी में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा देखते ही बनती थी। इन्होंने यहां भाषण, कविता और गायन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व यहां मौजूद महिला और पुरुषों को बताया और खूब दाद भी बटोरी। यहां निकाली गई स्वच्छता जागरुकता रैली में भी बच्चों ने स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम के नारे लगाए।

विरोध

# मोबाइल टॉवर लगाने का रत्नपुरी के रहवासियों ने किया विरोध

## जिला प्रशासन को क्षेत्र के करीब दो दर्जन से ज्यादा लोगों के हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. 80 फीट रोड स्थित रत्नपुरी कालोनी में लगाए जा रहे निजी कंपनी के मोबाइल फोन टॉवर को लेकर रहवासियों ने विरोध दर्ज कराया है। रहवासियों ने जिला प्रशासन के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने में भी टॉवर लगाने वाली कंपनी के साथ ही उस मकान मालिक के खिलाफ आवेदन दिया है जिसके यहां यह टॉवर लगाया जा रहा है।

रहवासी बीएल पारगी, भारत गुप्ता, प्रियेश शर्मा, चांदनी, सोनिया ओहरी, रानू, लीला शाक्यवार, अशोक कनेरिया, साधना सहित दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने आवेदन जिला प्रशासन को दिया है। इसमें उन्होंने कहा कि कालोनी में एक मकान पर लगाया जा रहा मोबाइल फोन टॉवर बिना अनुमति के लग रहा है। इसके लिए न तो कालोनीवासियों से कोई चर्चा की गई और न ही नगर निगम से ही अनुमति ली गई है। टावर लगने से भविष्य में क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी पैदा हो सकती है और आने वाली पीढ़ी के लिए भी परेशानी बन सकती। रहवासियों ने टावर लगाने की प्रक्रिया को तुरंत रोकने की मांग की है।

पत्रिका 6/3/21

सि टा

# कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के दृष्टिगत जिला दंडाधिकारी श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा जिले में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए आगामी 2 माह तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी किए गए आदेश के अनुसार सभी शासकीय कार्यालयों में मास्क का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। संपूर्ण नगरी क्षेत्रों में मास्क का उपयोग ना किए जाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रुपए का स्पॉट फाइन किया जाएगा और उसे 2 मास्क के दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई हेतु राजस्व पुलिस तथा नगरीय निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।

कोरोना से अधिक प्रभावित राज्यों जैसे महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। रेलवे स्टेशन पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग होगी। मास्क नहीं पहनने वाले से 100 रुपए अर्थदंड हेतु रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है।

बस स्टैंड पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग होगी। बस ऑपरेटर बस में बैठे सभी यात्रियों को मास्क का उपयोग सुनिश्चित कराएंगे। शादी समारोह में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का उपयोग करेंगे, साथ ही कैटरर्स एवं अन्य सरविंग स्टॉफ आदि के कोरोना टेस्ट किए जाने के पश्चात ही कार्य पर लिया जाएगा। इस बात का विशेष ध्यान संबंधित ठेकेदार, गार्डन संचालक द्वारा रखा जाएगा। मेले अथवा सार्वजनिक आयोजन के लिए एसडीएम तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौके की स्थिति अनुसार एसडीएम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। बैंकों तथा सभी सार्वजनिक स्थानों पर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। जिले के सभी संचालकों, दुकानदारों एवं ग्राहकों को फिजिकल डिस्टेंस, 2 गज की दूरी, मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग करना अनिवार्य होगा। आदेश का पालन नहीं किए जाने पर भारतीय दंड संहिता 18 60 की धारा 188 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# कविता, गायन और भाषण के माध्यम से बताया स्वच्छता का महत्व

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शैरानीपुरा (हरिजनबस्ती) में जागरुकता कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय नागरिकों विशेषकर बच्चों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा**



रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के प्रयासों के चलते आज नगर निगम पालिक की और स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं ने कविता, गायन और भाषण के माध्यम से उम्दा तरीके से स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहां कि अगर हम अपने शहर से प्यार करते है तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश उपायुक्त विकास सोलंकी के मार्गदर्शन में शहर के शैरानीपुरा (हरिजन बस्ती) मांगलिक भवन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन और महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री उषा लिम्बोदिया की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर भाषण, गायन, मेंहदी, चित्रकला, भाषण, रांगोली सहित आधा दर्जन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, डॉ.नेहा सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री एमके जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता का सही अर्थ है कि हम अपने शरीर, मन और अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखें, क्योंकि स्वच्छता जीवन के लिए काफी लाभदायक है, स्वच्छ रहने से लोग बीमार नहीं होंगे तथा स्वास्थ्य जीवन जी सकेंगे। तन-मन व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का बच्चों और महिलाओं से किया। नगर निगम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तमाम् प्रयास कर रहा है, ऐसे में नागरिक भी अपना दायित्व निभाते हुए शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ललिता घोसर ने किया और आभार श्रीमती परवीन खान ने माना।

## गायन, भाषण और कविता से दिया स्वच्छता का संदेश

सैकड़ों क्षेत्रीय रहवासियों विशेषकर बच्चों की मौजूदगी में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा देखते ही बनती थी। इन्होंने यहां भाषण, कविता और गायन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व यहां मौजूद महिला और पुरुषों को बताया और खूब दाद भी बटोरी। यहां निकाली गई स्वच्छता जागरुकता रैली में भी बच्चों ने स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम के नारे लगाए।

## पुरुस्कार पाकर खिल उठे चेहरे

कार्यक्रम के दौरान आयोजित रांगोली स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए कु.धरा,नंदनी, खुशी और रीदा को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह चित्रकला में सुहाना, अलीशा माजिद, अलीशा मुज्जफर और निशांत को, मेंहदी प्रतियोगिता में गोसिया, खुशनुमा, मोबस्सिरा, प्रीती, माही, फाल्गुनी, इफ्फत को पुरुस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता के लिए साई कुमार, यश कुमार, नबीला, राशि, भव्य सोलंकी और शिखा को पुरुस्कृत किया गया।

इंदौर समाचार